समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation









कक्षा - 7

हिंदी (पल्लव)

अध्याय – 10

स्वाधीनता संग्राम में पूर्वोत्तर की वीरांगनाएँ

भाग – 4

अभ्यास-प्रश्न

मिताली कुमारी

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

भाषा-अध्ययन —

1.

(क) कनकलता साहसी लड़की थी। वह स्वाभिमानी थी। उसने ओजस्वी भाषण रखा। उसने प्यारे तिरंगे को थाने में फहराने का निश्चय किया।

ऊपर रेखांकित शब्द विशेषण हैं। जो शब्द संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताए उसे **विशेषण** कहते हैं। अब तुम भी कुछ विशेषण शब्द खोजो और उनसे वाक्य बनाओ।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(ख) नेहा छोटी लड़की है। अरूप छोटा लड़का है। तीन छोटे लड़के जा रहे हैं।

उपर्युक्त वाक्यों में रेखांकित शब्द क्रमशः छोटी, छोटा और छोटे हैं।

पहले वाक्य में कर्ता 'नेहा' स्त्रीलिंग एकवचन की है। इसलिए विशेषण 'छोटी' है।

दूसरे वाक्य में कर्ता अरूप है जो पुल्लिंग एकवचन का है। इसलिए विशेषण 'छोटा' है।

तीसरे वाक्य में 'तीन लड़के' पुल्लिंग बहुवचन हैं, इसलिए 'छोटे' विशेषण रूप है। इस तरह लिंग, वचन के अनुसार विशेषण का परिवर्तन हो जाता है।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(ग) सही विशेषण चुनकर वाक्यों को पूरा करो :

(i) वह बच्चा कितना प्यारी / प्यारे / प्यारा है !

(ii) उसका परिवार बड़े / बड़ा / बड़ी है।

(iii) कक्षा में अनेक अच्छा / अच्छे / अच्छी लड़के हैं।

(iv) किसी को बुरा / बुरे / बुरी नजर से मत देखो।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

2. नीचे लिखे वाक्यों को ध्यान से देखो —

रमेश ने पुस्तक पढ़ी। सीमा ने खाना खाया है।

राजेश ने अभिनय किया था। लता ने गीत गाया होगा।

ऊपर लिखे वाक्यों में 'ने' चिह्न का प्रयोग हुआ है। वाक्य में कर्ता के साथ 'ने' चिह्न का प्रयोग होता है। परंतु यह चिह्न वर्तमान काल तथा भविष्यत् काल में प्रयुक्त नहीं होता। यह भूतकाल के केवल चार भेदों- सामान्य, आसन्न, पूर्ण और संदिग्ध भूत में ही प्रयुक्त होता है। यह चिह्न तभी प्रयोग किया जाता है, जब क्रिया के साथ कर्म हो।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

आओ, पाठ में आए कुछ शब्दों के अर्थ जानें :

शब्द	अर्थ
आजाद	स्वाधीन, स्वतंत्र
शहीद	मातृभूमि के लिए मौत को गले लगाने वाले
जुलूस	पंक्ति में लोगों का आगे बढ़ना
धून	लगन
अवदान	देन
वीरांगना	वीर महिला
खिलाफ	विरुद्ध

शब्द	अर्थ
गिरफ्तार	कैद
मुलाकात	भेंट
हुकुमत	शासन
कबूल	स्वीकार
पूर्वोत्तर	भारतवर्ष का उत्तर-पूर्वी भाग, जिसमें इन दिनों असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय और सिक्किम ये आठ प्रांत शामिल हैं।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
সমগ্র শিক্ষা

Under CSR Support by
ipca | Foundation



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation



सर्दी का मौसम है। गौतम और गीतांजलि आँगन में खेल रहे हैं। उन्हें अपने पिताजी की याद सता रही है। वे भारतीय स्थल सेना में नौकरी करते हैं। हाल ही में उनका अरुणाचल प्रदेश में तबादला हुआ है। काफी दिनों के बाद उनके पिताजी से एक चिट्ठी आई। एकाएक गीतांजलि चिल्लाने लगी, "चिट्ठी आई चिट्ठी आई।" डाकिए ने गौतम को एक लिफाफा दिया। दोनों चिट्ठी निकालकर पढ़ने लगे।